भारत सरकार - रेल मंत्रालय
अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन
लखनऊ - 226 011
EPBX (0522) 2451200
Fax (0522) 2458500

Government of India-Ministry of Railways
Research Designs & Standards Organisation
Lucknow - 226 011
DID (0522) 2450115
DID (0522) 2465310

# प्रेस विज्ञप्ति

## आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन

आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक, श्री उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में दिनांक 26.03.2025 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक तथा छायावाद की प्रमुख कवयित्री महादेवी वर्मा जी की जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

इस बैठक में महानिदेशक महोदय सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों ने महादेवी वर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। बैठक में पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार-प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। महानिदेशक महोदय ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया।

आर.डी.एस.ओ. की मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ॰ वीणा कुमारी वर्मा ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात, रेलवे बोर्ड द्वारा संगठन को द्वितीय पुरस्कार के रूप में श्री शिवसागर मिश्र चल वैजयंती, पूर्व अपर महानिदेशक श्री शरद कुमार जैन को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक एवं प्रशस्ति-पत्र तथा दो कार्मिकों को प्राप्त व्यक्तिगत पुरस्कार से समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया।

राजभाषा अधिकारी, श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा विषयगत तिमाही की राजभाषा से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। आर.डी.एस.ओ. के श्री महेंद्र कुमार गुप्ता, निदेशक/रेलपथ मशीन एवं मॉनिटरिंग निदेशालय द्वारा "रेलपथ अभिलेखी यानों द्वारा भारतीय रेलपथों का अभिलेखन" विषय पर प्रस्तुंति राजभाषा में दी गयी।

---

सं. पीआर/पब्लिसिटी/25/40 दिनाँक: 26.03.2025

कृपया उपरोक्त समाचार को फोटोग्राफ सहित अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।

26/03/2025
कृते कार्यकारी निदेशक/प्रशासन

सेवा में,
सम्पादक